**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Regarding duscussion on farmers' issue.

**कृषि और किसान कल्याण मंत्री; ग्रामीण विकास मंत्री; पंचायती राज मंत्री और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर):** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सभी सदस्यों से आग्रह करना चाहता हूं कि सदस्य यदि किसानों के बारे में चर्चा करने के लिए तैयार हैं, तो सरकार सदन के भीतर भी और सदन के बाहर भी हमेशा चर्चा के लिए तैयार रही है। …(व्यवधान) आज भी प्रश्न काल में बड़ी संख्या में प्रश्न कृषि और कृषि कल्याण से संबंधित थे। माननीय अध्यक्ष जी, आपने भी आग्रह किया था। यदि आज प्रश्नों पर चर्चा होती, तो मैं समझता हूं कि आधी चर्चा पूरी हो गई होती, लेकिन सदस्यों ने ध्यान नहीं दिया है।…(व्यवधान) यह सदन का समय बरबाद हो रहा है। हम सब इस बात को भली-भांति जानते हैं कि कोविड के समय में अथक परिश्रम करके संसद का आयोजन किया जा रहा है। इसमें निश्चित रूप से सरकार का, गांव का, गरीब का, किसान का तमाम सारा कामकाज होना है और तमाम सारे नियम और कानून बनने हैं।…(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से बताना चाहता हूं कि किसानों से चर्चा में सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध रही है और आगे भी रहेगी।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैंने आसन से व्यवस्था दी है कि यदि माननीय सदस्य सीट पर विराजेंगे, तो मैं माननीय अधीर रंजन जी को बोलने दूंगा। आप अपने नेता को बोलने दीजिए।

…(व्यवधान)